प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा।

मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल देर शाम शिमला में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में राज्य सरकार ने 12वीं कक्षा तक शिक्षा की व्यवस्था के लिए प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय को स्कूल शिक्षा निदेशालय में स्तरोन्नत करने और एचआरटीसी में 297 इलैक्ट्रिक बसें खरीदने को मंजूरी दी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी..........

*राज्य सरकार ने प्री–नर्सरी से 12वीं कक्षा तक शिक्षा की व्यवस्था के लिए प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय को स्कूल शिक्षा निदेशालय में स्तरोन्नत करने को मंजूरी दी है जिसके उच्च शिक्षा निदेशालय अब महाविद्यालयों के साथ–साथ उच्च शिक्षा के सभी पहलुओं का प्रबंधन करेगा। मंत्रिमंडल ने बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, हिमाचल नियम, 2011 में संशोधन करने का भी निर्णय लिया। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के बेड़े में 2 सौ 97 टाइप–1 इलेक्ट्रिक बसों और 24 वातानुकूलित सुपर लग्जरी बसों की खरीद को भी मंजूरी दी है। बैठक में तकनीकी शिक्षा विभाग में शिक्षकों के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य पुरस्कार योजना शुरू करने का भी निर्णय लिया गया जिसके तहत, छह श्रेणियों में 10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश में बाल देखभाल संस्थानों में 15 वर्ष या उससे अधिक समय से रह रहे परित्यक्त बच्चों को हिमाचली प्रमाण–पत्र जारी करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है जिससे ये बच्चे नौकरियों के लिए आवेदन करने के अलावा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।*

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना सरकार की प्राथमिकता है। शिमला के रिज़ मैदान पर शहरी आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्यस्तरीय सांझा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने यह बात कहीं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला में कुछ दुकानें चिन्हित की जाएगी जहां साल भर स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाएं गए उत्पादों की बिक्री हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं की आजीविका बढ़ेगी।

उत्सव में हिमाचल सहित अन्य राज्यों के शहरी क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूहों की 50 से अधिक महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। ये उत्सव एक अप्रैल तक चलेगा।

यादविन्द्र गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कांगड़ा जिला के पंचरूखी क्षेत्र में 6 दिवसीय राज्य स्तरीय ऐतिहासिक छिंज मेला सल्याणा का शुभारंभ किया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं और ऐसे आयोजन प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में ये अहम भूमिका निभाते हैं। इससे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन भी किया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने विधानसभा में पारित हुए मंत्री– विधायकों के वेतन भत्तों में बढ़ौतरी और मंत्रिमंडल के निर्णय से संबंधित खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल में 24 प्रतिशत बढ़ा मंत्रियों –विधायकों का वेतन, बिजली–पानी व फोन भत्ता नहीं मिलेगा। दैनिक जागरण लिखता है–माननीयों के वेतन–भत्ते 24 प्रतिशत बढ़े। पंजाब केसरी की सुर्खी है–वित्तीय संकट के बीच माननीयों के वेतन में 24 फीसदी की बढ़ौतरी। हिमाचल दस्तक के अनुसार–मुख्यमंत्री ने मंत्री–विधायकों को एक हाथ दिया, दूसरे से वापस लिया। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–शिक्षा विभाग में दो निदेशालयों को मंजूरी। पंजाब केसरी लिखता है–प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय स्कूल शिक्षा निदेशालय में स्तरोन्नत। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–हिमाचल में नशे से मौत होने पर, बेचने वालों को मृत्युदंड की सजा, बिल पास। आपका फैसला के मुताबिक–शिक्षा का अधिकार नियम 2011 में होगा संशोधन। हिमाचल में घटी बिजली की दरें, एक अप्रैल से लागू होगी–पंजाब केसरी की एक खबर है। अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में 20 पैसे तक घटीं बिजली की दरें, घरेलू उपभोक्ताओं की सब्सिडी पर संशय। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है प्रातः 11 बजे नमस्कार।

———————————